तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 24 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 विदेशी उत्पादों का बहिष्कार कर स्वदेशी को अपनाने...



13 पर्यटन मंडल अध्यक्ष ने पर्यटन संभावनाओं पर डाला प्रकाश





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.




## ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह के साथ मनाया गया पोला

**नवागढ़।** गांव के चौक-चौराहों पर शनिवार में रौनक थी। सुबह होते ही घर-घर से ढोलक-मंजीरे की थाप सुनाई दी और किसान अपने बैलों को नहलाने-बैठाने में जुट गए। कहीं बच्चे मिट्टी के बैलों (पोलाही) के संग खेलते दिखे तो कहीं महिलाएं गीत गाकर झूमर की ताल में झूमती नजर आईं। रंग-बिरंगे कपड़ों से सजे बैल जब खेतों की मेड़ पर परंपरा के अनुसार घुमाए गए, तो हर किसी की आंखें ठहर गईं। सींगों पर चढ़े रंग-रोगन और गले की घुंघरू की छनक पूरे माहौल को भक्ति और उल्लास से भर रही थी। घर-घर में ठेठरी, खुरमी, अरीसा, बोबरा और चीला बनाकर परिवारजन व रिश्तेदारों को परोसा गया। बच्चों ने मीठे पकवानों का लुत्फ उठाया तो बुजुर्गों ने पुराने किस्से सुनाते हुए त्यौहार की महत्ता समझाई। नवागढ़ नगर के प्रमुख विकास धर दीवान ने बताया कि बैल ही असली अन्नदाता हैं, खेत-खलिहान की जान हैं, इसलिए हम इन्हें भगवान मानकर पूजा करते हैं। यह पर्व हमारी संस्कृति और कृषि जीवन की आत्मा है। शाम ढलते ही गांव-गांव में चौक-चौराहों पर सजी मड़इयों में सामूहिक आरती और पूजा-पाठ हुआ। आसमान में गुंजते गीतों और ढोलक की थाप ने माहौल को पूरी तरह उत्सवधर्मी बना दिया।

### पर्व : पोला पर्व पर बैलों की पूजा व महिलाओं ने पोरा पटका

# अंचल में धूमधाम से मनाया पोला पर्व







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ का लोक पर्व पोला पर शनिवार बैलों की पूजा गई, वहीं लोग पकवानों का लुत्फ भी उठाते रहे। इस दौरान जिला मुख्यालय व ग्राम बारगांव सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी पोला पर्व पर जगह-जगह बैलों की पूजा-अर्चना की गई। साथ ही शाम होते ही मायके आई महिलाओं ने पोला पटकने की परंपरा को पूरी रस्म के साथ निभाया।

शहर के नेशनल हाईवे पर स्थित पिकरी पारा में त्यौहार की धूम रही यह महिलाओं द्वारा पोला के अंदर पकवान ठेठरी खुर्मी एवं प्रसाद रखकर पीपल पेड़ के पास पोला पटका गया वही मोहल्लों से रामधुनी मंडली द्वारा राम नाम संकीर्तन करते हुए एवं एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए पहुंचे। मानपुर पारा से कन्या भोजली सिर में रखकरके शोभा यात्रा निकाली व विसर्जन के लिए पिकरी तालाब में किया गया। यहां पर मेला जैसा माहौल बना रहा ओर माता और बहनों भीड़ अधिक रही । बता दें कि विगत कई दशकों यहां पर बैल दौड़ का आयोजन होता रहा है परंतु अब यह परम्परा बंद हो चुकी है क्योंकि किसान वर्ग बैलों का बहुत कम अब उपयोग करने लगे है ।बारगांव सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने बताया कि यह त्योहार दरअसल कृषि आधारित पर्व है। वास्तव में इस पर्व का मतलब खेती-किसानी जैसे- निंदाई, रोपाई आदि का कार्य समाप्त हो जाना है, लेकिन कई बार अनियमित वर्षा के कारण ऐसा नहीं हो पाता है। खास तौर पर छत्तीसगढ़ में इस लोक पर्व पर घरों में ठेठरी, खुरमी, चौसेला, खीर, पूड़ी जैसे कई लजीज ▶▶|शेष पेज 12 पर



### किसान के लिए बैल देवतुल्य समान

बैल किसानों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसलिए किसान बैलों को देवतुल्य मान कर उसकी पूजा-अर्चना किया। पहले कई गांवों में इस अवसर पर बैल दौड़ का भी आयोजन किया जाता था, लेकिन समय के साथ यह परपंरा समाप्त होने लगी है।



## मामूली विवाद पर महिला की हत्या, पांच गिरफ्तार

**5 साल से चल रहा जमीन विवाद से थी दुश्मनी, तहसील कार्यालय ने पाल परिवार के पक्ष में सुनाया था फैसला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला थाना क्षेत्र के ग्राम बोरिया में 15 साल से चल रहे जमीन विवाद ने बुधवार को खूनी रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद हुए झगड़े में आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर एक महिला की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



जानकारी के अनुसार गांव की कुमारी बाई पाल ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी निर्मला बाई पाल अपने घर पर मिट्टी गीली कर दीवार बना रही थी। तभी पड़ोसी तुकेराम यदु और उसके परिवार के लोग वहां आ गए। पहले उनके बीच गाली-गलौज और धक्का-मुक्की हुई। इसके बाद मोंगराबाई, भुनेश्वरी, सरिता और पुन्नीबाई ने निर्मला को पकड़कर जमीन पर पटक दिया और इसी दौरान तुकेराम ने टंगिया से उस पर कई वार किए, जिससे निर्मला की मौके पर ही मौत हो गई। इस हमले में निर्मला की मां कुमारी बाई और उनका नाती भी घायल हो गए।

**पुराना विवाद बना जानलेवा**

पुलिस जांच में पता चला है कि पाल और यदु परिवार के बीच पिछले 15-16 सालों से जमीन को लेकर अदालत में केस चल रहा था। हाल ही में तहसील कार्यालय बेरला ने यह फैसला पाल परिवार के पक्ष में दिया था और उन्हें जमीन का कब्जा भी सौंप दिया था। इसी पुरानी रंजिश के चलते यह जानलेवा हमला किया गया। पुलिस ने अपराध में मुख्य आरोपी तुकेराम यदु सहित भुनेश्वरी यदु, सरिता यदु, मोंगराबाई यदु और पुन्नीबाई यदु को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों को शुक्रवार 22 अगस्त को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## कन्या स्कूल में हुई मटका दौड़ और छात्राओं ने फुगड़ी खेली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

कन्या प्राथमिक शाला देवकर में पोला पर्व का धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने बैल, जाता, पोरा इत्यादि मिट्टी के खिलौनों की पूजा की। साथ ही बच्चों और शिक्षकों तथा शाला प्रबंधन समिति की उपाध्यक्ष रानी साहू ने शाला में आयोजित मटका दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। फुगड़ी खेली, साथ ही बच्चों द्वारा बैल की चित्रकारी कर पोला पर्व पर स्वतंत्र लेखन किया। बच्चों ने इस उत्सव में अपने घर और स्कूल में किए जाने वाले आयोजन पर चर्चा विस्तृत रूप से की। प्रधान पाठक गिरिजा पटेल ने बच्चों को अवगत कराया की पोला अमावस्या खासकर किसानों का पर्व है। इस दिन बैलों की पूजा की जाती है, क्योंकि खेती किसानी में बैल को अन्नदाता का साथी माना जाता है। इस दिन उनको सजाया जाता है और भगवान शंकर से सुख समृद्धि की प्रार्थना की जाती है। यह पर्व केवल बैलों की पूजा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और कृषि संस्कृति के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर भी है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि मनुष्य का जीवन पूरी तरह से पशुधन और प्रकृति पर निर्भर है खेती से जुड़ी यह परंपरा ग्रामीण जीवन में श्रम, सहयोग और सामूहिकता का संदेश देती है। इस पर्व के पीछे पौराणिक कथा प्रचलित है कि श्री कृष्ण को मारने हेतु उनके मामा कंश ने पोलासुर नामक असुर को भेजा था जिसका की श्री कृष्ण द्वारा वध कर दिया गया था और सबको अचंभित कर दिया वह दिन भादो माह की अमावस्या का दिन इस दिन से इसे पोला कहा जाने लगा बच्चे बहुत खुश हुए। उक्त आयोजन में गिरिजा पटेल, वीणा रावटे, प्रियंका साहू रमौतीन साहू रानी साहू और शाला परिवार के बच्चे उपस्थित रहे



## इंटर स्टेट यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप के लिए छत्तीसगढ़ दल हरियाणा रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा हरियाणा द्वारा 22 से 28 अगस्त तक पंजाबी धर्मशाला, ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र, हरियाणा में इंटर स्टेट यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप (पुरुष) का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ दल का प्रतिनिधित्व बेमेतरा जिले के रोशन लाल वर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज द्वारा किया जा रहा है। 25 सदस्यीय दल में 22 विद्यार्थी, 2 काउंसलर एवं 1 दल प्रबंधक शामिल हैं। यह दल 21 अगस्त को रायपुर रेलवे स्टेशन से समता एक्सप्रेस के माध्यम से रवाना हुआ। दल में कबीरधाम से बालाराम साहू एवं बालोद से डॉ. तुला साहू काउंसलर के रूप में शामिल हुए हैं। इस प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को न केवल शैक्षणिक और व्यक्तित्व विकास का अवसर मिलेगा, बल्कि वे ट्रेकिंग, नाटक, संगीत, नृत्य, निबंध लेखन, वाद-विवाद, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं हस्तकला जैसी गतिविधियों के माध्यम से अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन भी करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक चेतना का विकास करना है। शिविर के दौरान आयोजित सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियाँ न केवल प्रतिभागियों के आत्मविश्वास को बढ़ाएंगी, बल्कि उनमें टीमवर्क और सकारात्मक सोच की भावना को भी मजबूत करेंगी। कलेक्टर एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी सह-अध्यक्ष रणबीर शर्मा ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### स्वास्थ्य मंत्री के निरीक्षण में अव्यवस्था उजागर

## जेवरा अस्पताल में डॉक्टर गायब दवा अमानक, मशीनें बंद पड़ीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जेवरा पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर खामियों की पोल खोल दी। अस्पताल में दवाएं अमानक पाई गईं, लैब मशीनें खराब निकलीं और फरवरी से पानी की आपूर्ति बंद मिली। डॉक्टर भी ड्यूटी से नदारद थे। मंत्री ने मौके पर ही बीएमओ–सीएमएचओ को फोन कर एक हफ्ते में सभी व्यवस्थाएं सुधारने का आदेश दिया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर समस्याएं जानीं और निरीक्षण पंजी पर अपनी टिप्पणी दर्ज की।

इस दौरान सोसायटी अध्यक्ष प्रबल सिंह व सरपंच महेंद्र पाटिल ने मंत्री व उनके साथ आए दीपक महस्के, पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू, रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक का स्वागत किए ओर मंत्री जायसवाल को मांग पत्र सौंपकर स्थायी जल आपूर्ति, पूर्णकालिक लैब टेक्निशियन, हाई-टेक मशीन, आहाता और स्टाफ क्वार्टर की मांग रखी। मंत्री ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।



उल्लेखनीय है कि ग्राम जेवरा में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जो कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में अपग्रेड हो गया है, वहां आसपास के अनेक गाँव के ग्रामीण काफी संख्या मे ईलाज कराने आते हैं, लेकिन ऊपर दर्शित कुछ असुविधा के कारण मरीजों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा था। परंतु अब मंत्री के स्वयं गहन निरीक्षण और दिशा-निर्देश पश्चात बेहतर सुविधा उपलब्ध बहाल होने की उम्मीद ग्रामीणों को है।

इस अवसर पर ग्राम के प्रबल सिंह, महेंद्र पाटिल, गजानंद साहू, शिवेंद्र त्रिपाठी, गोवर्धन सिन्हा, विपिन सिंह, पूनाराम धृतलहरे, प्रणय राणा, लाला पाटिल, सालिक दुबे, नीरज निषाद, लल्लू खान, हीरउ जोगी, अशोक साहू, नारायण यदु, भारत साहू, संतोष ध्रुव, सरिता बाई, सीमा ध्रुव, गंगा बाई, निक्की पाटिल, सरस्वती बाई, अनिल ठाकुर, वरूण सिंह, रामजी कोशले, योगेश ध्रुव, गोलू बंजारे, रूपेंद्र सिन्हा, भूनेश्वर साहू, प्राचार्य शास उ मा वि जेवरा देवांगन, डॉ. पनिक मैडम, फार्मासिस्ट देवांगन सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




**खबर संक्षेप**



### अतुल ने दी उम्मीदवार राधाकृष्णन को बधाई

**भिलाई।** नई दिल्ली पहुँच भिलाई कैन डू पर्वत फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदेश भाजपा नेता ने एनडीए की ओर से उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से सौजन्य मुलाक़ात कर अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की । साथ ही आशीर्वाद लिया ।अतुल पर्वत ने कहा मुझे पूर्ण विश्वास है कि श्री राधाकृष्णन का अनुभव, समर्पण और राष्ट्रनिष्ठा से चुनाव में विजयश्री प्राप्त करेंगे तथा इस गरिमामयी पद को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे।

### उपमुख्यमंत्री अरुण साव का किया स्वागत



**दुर्ग ।** स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वालंबन कार्यक्रम में दुर्ग आगमन पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का दुर्ग सर्किट हाउस में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने स्वागत किया। इस अवसर पर ललित चंद्राकर और सुरेंद्र कौशिक ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। दोनों नेताओं ने उपमुख्यमंत्री के साथ क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की।

पेज 11 का शेष...

### अंचल में धूमधाम...

व्यंजन बनाए गए। गांव के किसान सुबह से ही बैलों को नहला-धुला कर सजाये, फिर हर घर में उनकी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद घरों में बने पकवान को बैलों को खिलाएं। बच्चों ने मिट्टी और लकड़ी से बने बैल चलाने की भी परंपरा को बहुत अच्छे से निभाया।

**छत्तीसगढ़िया व्यंजनों का मिला स्वाद-** पोरा त्यौहार के दिन घरों-घर अलग- अलग प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाये गए। इनमें ठेठरी, खुरमी, नमकीन, मीठा मुठिया विशेष रूप से बना था। इसके अलावा अन्य स्वादिष्ट पकवान भी बनाये गए थे।

**बहनों को तीजा लाने की है परंपरा-** छत्तीसगढ़ में पोरा के साथ एक शब्द तीजा भी जुड़ता है। यहां पर इस पर्व के दिन बहनों को भाई तीजा लेने के लिए उनके ससुराल जाते हैं। बहने भाई के घर तीजा आकर उपवास रखकर इस परंपरा का निर्वाह करती है। इस दौरान भाई अपनी बहन को उपहार स्वरुप साड़ी और श्रृंगार की वस्तुएं भेंट करता है।

**महिलाएं खाती है करू भात-** यह त्यौहार तीन दिन तक मनाया जाता है, पहले दिन को पोरा कहा जाता है इस दिन से पर्व की शुरुआत होती है। इसके एक दिन बाद रात को करू भात खाते हैं। करू भात में विशेष तौर पर करेला सब्जी बनाया जाता है इसलिए इसे करू भात कहते हैं। इसके अगले दिन महिलाएं एक दिन- रात निर्जला व्रत रखती हैं। वहीं अगले दिन फरहर (समाप्त) करते हैं। इस दिन महिलाएं नए वस्त्र धारण कर विधि- विधान से शिव भगवान और नंदी की पूजा करतीं हैं।

# महिला समृद्धि सब्जी बाजार में निगम ने हटाए 25 से अधिक अतिक्रमण

**दुकानदारों द्वारा दोबारा किए गए अतिक्रमण पर निगम की सख्ती, दी चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग ने सुबह महिला समृद्धि सब्जी बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश और महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के नेतृत्व में तोड़ दस्ते ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

पिछले दिनों निगम द्वारा यहां से अतिक्रमण हटाया गया था, लेकिन कुछ दुकानदारों ने पुनः सड़क क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। उन्होंने बॉस–बल्ली गाड़कर व तंबू डालकर बाजार की सड़कों को संकरा कर दिया था, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी हो रही थी। इस पर निगम ने तत्काल एक्शन लेते हुए पूरे क्षेत्र को खाली कराया। निगम की इस कार्रवाई से स्थानीय नागरिकों और खरीदारों ने राहत की सांस ली। उनका कहना है कि अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई थी और यातायात व्यवस्था बिगड़ रही थी। कार्रवाई के बाद बाजार में आवाजाही सुगम हुई है।

अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर ने कहा शहर को अतिक्रमण मुक्त करना और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना निगम की प्राथमिकता है। किसी भी हाल में सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

#### अभियान में 25 से अधिक अतिक्रमण हटे

कार्रवाई के दौरान टीम ने बाजार के चारों ओर लगे तंबू, खोमचे और बॉस–बल्ली को हटवाया। निगम ने बताया कि महिला समृद्धि बाजार सहित आस-पास के क्षेत्रों में 25 से अधिक अतिक्रमण हटाए गए हैं।



#### महापौर और आयुक्त का सख्त रुख

महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि शहर को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाए रखने के लिए निगम लगातार अभियान चला रहा है। आम नागरिकों की सुविधा और यातायात की सुगमता के लिए अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और दोबारा अतिक्रमण करने से बचें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**स्वदेशी अभियान : स्वदेशी सुरक्षा अभियान कार्यक्रम में बोले उपमुख्यमंत्री**

# विदेशी उत्पादों का बहिष्कार कर स्वदेशी को अपनाने की जरूरत : डिप्टी सीएम साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

उप मुख्यमंत्री अरुण साव शुक्रवार को दुर्ग जिले के नया बस स्टैंड पहुँचे, जहाँ उन्होंने स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कोका-कोला और पेप्सी जैसी विदेशी पेय सामग्रियों को प्रतीकात्मक रूप से नाली में बहाकर विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पहचान को जागृत करने का माध्यम है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि भारत को विश्व गुरु और सोने की चिड़िया हमारे संस्कारों और स्वभाव के कारण कहा जाता है। स्वदेशी केवल उत्पादों का चयन नहीं, बल्कि हमारी आत्मा से जुड़ा विषय है। हम हजारों वर्षों से दुनिया को शिक्षा, आयुर्वेद, विज्ञान और संस्कृति देते आए हैं। यही हमारे संस्कार हैं। उन्होंने 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के विचार की महत्ता बताते हुए कहा कि आज भी दुनिया को यदि कोई देश अपना परिवार मानता है, तो वह केवल भारत है।

उप मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भारत की शक्ति और सामर्थ्य का प्रमाण है। आज भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। उन्होंने जापान का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि वहां का हर नागरिक आत्मसम्मान के साथ खड़ा हो सकता है, तो भारत जैसे विशाल देश को भी स्वदेशी अपनाकर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। श्री साव ने कहा कि जब हमारे सैनिक सीमा पर माइनस डिग्री तापमान में देश की रक्षा कर रहे हैं, तो हमें भी अपने घरों में विदेशी वस्तुओं को प्रवेश न देकर देश की आंतरिक सुरक्षा में योगदान देना चाहिए। हमारे खान-पान, रहन-सहन पर विदेशी वस्तुओं ने मानसिक आक्रमण कर दिया है, जिसे हमें पहचानने की आवश्यकता है।

**कोका कोला और पेप्सी जैसे विदेशी पेय पदार्थों को नाली में बहाया**





#### कुम्हारों की बनाए मूर्तियों को दे प्राथमिकता

उपमुख्यमंत्री साव ने दीपावली पर स्थानीय कुम्हारों के बनाए दीयों और गणेश की मूर्तियों को प्राथमिकता देने की अपील की और कहा कि स्थानीय कलाकारों से खरीदी गई वस्तुएं न केवल हमारी संस्कृति को जीवित रखेंगी, बल्कि उनके परिवारों का भरण-पोषण भी करेंगी। उन्होंने महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन की भूमिका को याद किया और कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में स्वदेशी आंदोलन की बड़ी भूमिका रही। आज भी यही भावना देश को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बना सकती है। तन स्वदेशी, मन स्वदेशी, संस्कार स्वदेशी इन्हीं विचारों के साथ आगे बढ़ने को कहा। कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जितेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र कौशिक सहित स्वदेशी सुरक्षा स्वावलंबन के संयोजक जगदीप पटेल व दिनेश पटेल सहित व्यापारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## कार्यशाला में विद्यार्थियों को दिलाई रैगिंग न करने की शपथ



**भिलाई।** शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली में प्राचार्य डॉ. अनुपमा अस्थाना की अध्यक्षता एवं एंटी रैगिंग समन्वयक प्रो. शंभू प्रसाद के संयोजन में सात दिवसीय रैगिंग नियंत्रण सप्ताह का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख ने छात्र-छात्राओं को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई। छात्र-छात्राओं को जागरूक रहने एवं महाविद्यालय परिसर को रैगिंग मुक्त रखने आह्वान किया गया। पश्चात पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका थीम रैगिंग मुक्त भारत था। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पूर्वी यादव, बी. कॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्रा ने प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिमानी चक्रधारी, बी. कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा ने प्राप्त किया। साथ ही एंटी रैगिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. लिनेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों से रैगिंग क्या है? रैगिंग के प्रकार, एंटी रैगिंग हेल्प लाइन एवं रैगिंग संलिप्तता के लिए दंड के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### श्रीकृष्ण-सुदामा से सीखें मित्रता निभाना - पं. शुक्ला

**भिलाई।** चौहान ग्रीन वैली जुनवानी में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ



कथा में महामाया मंदिर रायपुर के ज्योतिषी व भगवताचार्य पं. मनोज शुक्ला महाराज ने सूर्यवंशी राजा नृग की कथा, भगवान के 16107 अन्य विवाह, स्यमन्तक मणि की कथा, पौंड्रक का नकली भगवान बन जाना, जरासंध का वध , शिशुपाल वध, पांडवों की राजसूय यज्ञ और सुदामा चरित्र का वर्णन बताया । व्यास स्वरूप पं. मनोज शुक्ला महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही सहायता कर दे, परंतु विडंबना है कि आजकल स्वार्थ की मित्रता अधिक रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है और जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण से मिलने आए तो उन्होंने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे, बल्कि मित्र की भावनाओं को देखा। मनुष्य को भी अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए और अगर सच्चा मित्र बनना है तो श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह निश्चल मन होना चाहिए। जीवन में मनुष्य को श्रीकृष्ण की तरह अपनी मित्रता निभानी चाहिए। यजमान श्रीमती काजल तिवारी - आशीष तिवारी परिवार एवं भक्तों द्वारा श्री कृष्ण - सुदामा के लिए चावल, दाल, गेंहूँ , चना की पोटली अर्पित किये।

## 42 वर्ष पुराना बकाया किराया राशि का अंतर की मांग नियम विरुद्ध : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



आम आदमी पार्टी ने आकाशगंगा परिसर में निगम निर्मित किराए पर दी गई दुकानों के दुकानदारों से 42 वर्ष पुरानी बकाया किराया अंतर राशि का मांग करना विधि विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि साड़ा से नगर पालिका निगम बनने से लेकर के वर्ष 2017 तक भिलाई जनता से निगम ने करोड़ों रुपए नामांतरण के नाम पर लिया है। मेहरबान सिंह की जनहित याचिका पर बिलासपुर हाईकोर्ट ने आदेश कर नामांतरण राशि वसूलने को विधि विरुद्ध बताया। आरटीआई विंग के प्रदेश अध्यक्ष मेहरबान सिंह, प्रदेश सचिव के ज्योति भिलाई जसप्रीत सिंह, हर चरण सिंह ने प्रेसवार्ता ने बताया कि निगम ने अपनी आय बढ़ाने का यह तरीका जो अपनाया है क्या वह न्याय संगत नहीं है। उन्होंने बताया कि आकाशगंगा परिसर में निगम द्वारा निर्मित दुकानों का वर्ष 1982 से अब तक का किराया राशि का अंतर राशि जो की 8 से 10 लाख रुपए है का डिमांड नोट निगम के दुकान किरायेदारों को भेजा है। 1982 में उक्त दुकान की किराया राशि 660 रुपए थी आकाशगंगा परिसर में निगम द्वारा प्रथम मंजिल तक निर्मित दुकान 100, से अधिक है जिनमें साडा ने कुछ दुकान लीज पर दी तो कुछ दुकान किराए पर दी 1982 में साडा ने जिन दुकानों को किराए पर दिया उनके किराएनामे में हर तीसरे वर्ष में किराए की राशि 10% बढ़ने की शर्त है। जीएसटी वर्ष 2017 से 2025 तक की बकाया राशि का नोटिस भिलाई निगम ने किराएदारों को भेजा है अचानक लगभग 60 से 65000 का जीएसटी की राशि का नोटिस निगम दुकानदारों को मिलने से वे परेशान है। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि आकाशगंगा परिसर में दुकानदारों को यह डिमांड नोट भेजना विधि विरुद्ध है आयुक्त से शिकायत पर जांच कर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## सेक्टर सुपरवाइजर पर कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा पत्र

**बेमेतरा/देवकर।** स्वास्थ्य विभाग देवकर सेक्टर के कर्मचारियों पर तानाशाही रवैया अपनाने और उनको धमकाने वाले सेक्टर सुपरवाइजर विनोद जैन पर कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत को एक माह से अधिक समय हो गया हैं, फिर भी आज तक उनके ऊपर न बीएमओ साजा और न ही सीएमएचओ बेमेतरा कार्रवाई कर पाए हैं, जिससे सेक्टर कर्मचारियों कों अधिकारीयों पर भेदभाव और सेक्टर सुपरवाइजर को सह देने का शंका है।जबकि 7 जुलाई को बीएमओ साजा और 14 जुलाई को सीएमएचओ बेमेतरा कों लिखित शिकायत के बाद बीएमओ साजा द्वारा जांच टीम बना कर देवकर सेक्टर के सभी कर्मचारियों की बयान दर्ज करा लिया गया हैं जिसकी रिपोर्ट बीएमओ साजा द्वारा सीएमएचओ नहीं भेजने पर सेक्टर के कर्मचारियों द्वारा स्थानीय साजा विधायक ईश्वर साहू से शिकायत करने पर विधायक द्वारा बीएमओ से फोन पर बात करने पर रिपोर्ट कों शीघ्र ही सीएमएचओ बेमेतरा भेजने की बात बताया गया था उसके बाद से न किसी रिपोर्ट का कोई पता हैं और न ही कोई कार्रवाई की। कार्रवाई नहीं होने पर उक्त समस्या के समाधान के लिए 17 अगस्त कों स्वास्थ्य मंत्री के पास शिकायत की गई थी। स्वास्थ्य मंत्री के बेमेतरा प्रवास में होने के कारण स्मरण पत्र दे कर कार्रवाई की मांग की गई है। उक्त भेंट मुलाक़ात में सेक्टर के सभी कर्मचारी- कविता वानखेड़े (ब्लॉक अध्यक्ष), रामावतार साहू, बीना मण्डावी, कामनी सिन्हा, मोनिका मलिक, सुषमा साहू सहित संघ के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सख्ती : नल कनेक्शन कटने के डर से करदाता ने चुकाए 55 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- दूसरे ने 50,000 रुपये चुकाने का दिया आश्वासन

नगर पालिक निगम दुर्ग में कर वसूली को लेकर इन दिनों प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के सख्त निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने मंगलवार को वार्ड-04 गया नगर में दबिश दी। यहां टीम ने करदाताओं से बकाया राशि वसूल की और जिन लोगों ने टैक्स नहीं भरा था, उनके खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाही के दौरान संजय मिश्रा, विनीत वर्मा सहित टीम अमला मौजूद रहे

सबसे पहले टीम ने जवाहरलाल गुप्ता के मकान पर कार्रवाई की। बताया गया कि पिछले दो वर्षों से उन्होंने नल कर, संपत्ति कर और समेकित कर यूजर चार्ज का भुगतान नहीं किया था। जब टीम ने नोटिस और नल कनेक्शन काटने की चेतावनी दी, तो करदाता ने तत्काल 55,333 जमा कर निगम के खाते में राशि अदा की।

इसके बाद राजस्व विभाग की टीम गेंदालाल यादव के निवास पहुंची। यहाँ दो नल कनेक्शन पाए गए। बकाया वसूली के दौरान एक नल कनेक्शन को काट दिया गया। वहीं शेष नल कनेक्शन पर 50,000 बकाया करदाता से जल्द ही जमा करने की बात कही गई। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा है कि निगम अब किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। जिन भी नागरिकों पर बकाया टैक्स है, उन्हें तत्काल राशि जमा करनी होगी, अन्यथा निगम की टीम नल कनेक्शन काटने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी करेगी। उन्होंने नागरिकों से कहा कि समय पर टैक्स जमा करना हर करदाता की जिम्मेदारी है। टैक्स से ही शहर के विकास कार्य, पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुचारु रूप से संचालित किया जा सकता है।



**धान खरीदी केंद्रों में कंप्यूटर कक्ष, बोर पंप के लिए राशि प्रदान**

# सहकारी बैंक की ऋण उप समिति में 720.28 करोड़ का ऋण स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में हुई बैठक





कलेक्टर अभिजीत सिंह व प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग की अध्यक्षता में ऋण उप समिति की बैठक बैंक में हुई। बैठक में संचालक सदस्य अवधेश मिश्रा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग, संदीप कुमार भोई उप संचालक संचालक कृषि जिला दुर्ग एवं सचिव के रूप में एसके जोशी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग उपस्थित थे।

बैठक में कुल 309 ऋण प्रकरणों का राशि 720.28 करोड़ ऋण स्वीकृत किया गया। जिसमें फसल ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 से 2027-28 कुल 2 समितियों के लिए राशि 113.06 लाख, उद्यानिकी फसल केला ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के 5 प्रकरणों में राशि 7.28 लाख, पपीता ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 अंतर्गत 3 प्रकरणों में राषि 8.28 लाख, टमाटर ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 अंतर्गत 3 प्रकरणों में राषि 6.69 लाख, करेला ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 अंतर्गत 1 प्रकरणों में राशि 0.80 लाख स्वीकृत की गई है।

गौ पालन के लिए केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीन के 153 प्रकरणों में राशि 269.90 लाख एवं नवीनीकरण के 97 प्रकरणों में 158.69 लाख, मत्स्य पालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीनीकरण के 01 प्रकरणों में 0.78 लाख, बकरी पालन हेतु नवीन केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के 4 प्रकरणों में राशि 5.52 लाख, कुक्कुट पालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीनीकरण के 2 प्रकरणों में राशि 6.00 लाख, मध्यमकालीन नार्मल ऋण 7 वर्ष अंतर्गत 4 प्रकरणों में राशि 6.23 लाख, मध्यकालीन व्यक्तिगत ऋण के 17 प्रकरण में राशि 84.95 लाख, गोल्डन क्रेडिट कार्ड अंतर्गत नगद साख सीमा नवीन के 1 प्रकरणों में राशि 5.00 लाख, गोल्डन क्रेडिट कार्ड अंतर्गत नगद साख सीमा पुनः स्वीकृति 2 प्रकरणों में राशि 10.00 लाख, स्वयं सहायता समूह ऋण स्वीकृति पश्चात पुष्टि हेतु 8 प्रकरणों में राशि 7.10 लाख, स्वयं सहायता समूह ऋण स्वीकृति हेतु 3 प्रकरणों में राशि 7.60 लाख, स्वयं सहायता समूह एन.आर.एल.एम. अंतर्गत 1 प्रकरण में राशि 1.50 लाख, धान खरीदी केन्द्र में कम्प्यूटर कक्ष, बोर पंप हेतु ऋण स्वीकृति अंतर्गत 1 प्रकरण में राशि 15.90 लाख की स्वीकृति दिया गया। बैठक में बैंक अधिकारी सुश्री कुसुम ठाकुर अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक एवं एसपी वाहने शाखा प्रबंधक उपस्थित रहें।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे की जानकारी जुटाने कलेक्टर पहुंचे खेतों में



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासन के निर्देशों के तहत जिले में खरीफ फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे सर्वेयर के माध्यम से किया जा रहा है। उक्त सर्वे की अद्यतन जानकारी लेने कलेक्टर अभिजीत सिंह खेतों में पहुंचे। उन्होंने दुर्ग तहसील के ग्राम नगपुरा और बोरी तहसील के ग्राम नवागांव में सर्वेयर द्वारा किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे का मौका मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने सर्वे के संबंध में अधिकारियों एवं सर्वेयर से जानकारी ली। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग हरवंश सिंह मिरी, अनुविभागीय अधिकारी धमधा सोनल डेविड, तहसीलदार दुर्ग प्रफुल्ल गुप्ता, तहसीलदार बोरी तारसिंह खरे, अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वर खुटे, संबंधित राजस्व निरीक्षक, ग्राम कोटवार, कृषक एवं सर्वेयर उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

## बैल दौड़ में चंद्रकांत रहा विजेता



**टाटेकसा।** पोला पर्व पर वनांचल क्षेत्र ग्राम टाटेकसा में ग्रामवासियों के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार की तरह इस वर्ष भी बैल दौड़ का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के शुरूआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर तिलक लगाकर पूजा-अर्चना किया गया। इसके तत्पश्चात बैल दौड़ाया गया। जिसमें पहला चंद्रकांत चंद्रवंशी, दूसरा घुरऊराम, तीसरा योगेन्द्र कुमार, चौथा शिशुपाल रहा। ईनाम में क्रमशः 1501, 701, 501, 151 रखा गया था एवं सभी बैल दौड़ के प्रतिभागी को तिलक लगाकर व श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में सरपंच सुखचंद चंद्रवंशी, ग्राम पटेल नारायण साहू, सुरेश माली, प्रताप चंद्रवंशी, दुर्गेश नंदेश्वर, खोरबहारा कुंजाम, जनाराम काटेंगी, गोपीराम, बिष्णुराम, अम्बे निषाद, तरूण लाडेकर, दशाराम गावड़े, छेरका चन्द्रवंशी, पीलेश साहू, यादवराम साहू, तेजराम चंद्रवंशी, परशुराम यादव, परशु साहू एवं आसपास के ग्रामीण शामिल रहे।

### डोंगरगांव विकासखंड के सात जोन के स्कूली बच्चे हुए शामिल

# सायबर फ्राड, नशामुक्ति पर स्कूली बच्चों को पुलिस ने किया जागरूक

**राजनांदगांव।** सायबर जागरूकता एवं नशामुक्त अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें डोंगरगढ़ विकासखंड के 7 जोन के स्कूली बच्चे एवं शिक्षक शामिल हुए।

जिला में चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा अपने थाना क्षेत्र के स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं को यातायात, सायबर फ्राड एवं नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने के लिए यातायात, सायबर जागरूकता एवं नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है।



### 7 जोन के स्कूली बच्चों ने लिया भाग

इसी क्रम में 20 अगस्त को ग्राम सेंदरी के शा.उ.मा. विद्यालय में यातायात, सायबर जागरूकता एवं नशामुक्ति अभियान का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डोंगरगढ़ विकासखंड के 7 जोन के स्कूली बच्चे एवं शिक्षक उपस्थित हुए। साथ ही जनप्रतिनिधि प्रशांत कोड़ापे जिला पंचायत राजनांदगांव सभापति एवं किरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### अभिव्यक्ति एप की दी जानकारी

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों एवं आम लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी और सायबर अपराधों से सुरक्षित रहने एवं नशा से दूर रहने जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक नरेश बंजारे द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, बालक-बालिकाओं को छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बनाए गए "अभिव्यक्ति" ऐप, महिला अधिकार, घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराध, सायबर सुरक्षा, पोक्सो एक्ट, कैरियर गाईडेंस के बारे में जानकारी दिया गया। नशामुक्ति अभियान के तहत जानकारी दी गई। नारकोटिक्स, ड्रग्स, अवैध नशा से परिवार और सामाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराकर अपने आसपास एवं स्वयं को भी नशीले पदार्थों से दूर रखने तथा अपने घर-परिवार व सामाज में भी नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराने हेतु अपील की गई। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि भी सायबर फ्राड के संबंध एवं नशामुक्ति को लेकर अपने-अपने अभिव्यक्ति बच्चों के बीच रखी गई।

## पर्यटन मंडल अध्यक्ष ने पर्यटन संभावनाओं पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड अध्यक्ष नीलू शर्मा ने 40वें इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) वार्षिक अधिवेशन में छत्तीसगढ़ की पर्यटन संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।



इस अवसर पर भारत सरकार के पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, ओडिशा की उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा, पर्यटन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं देश-विदेश के पर्यटन उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ में पर्यटन विकास हेतु उठाए जा रहे नवीन कदमों और राज्य की विशिष्टताओं को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ अब एमआईसीई पर्यटन (मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और एग्ज़िबिशन) के लिए भी तैयार है तथा राज्य बड़े राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है।

श्री शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में आ ई ए टी ओ आयोजक टीम को छत्तीसगढ़ में अगला अधिवेशन आयोजित करने की दिशा में योजना बनाने आमंत्रित किया गया है। साथ ही अधिवेशन में उपस्थित सभी ट्रैवल ऑपरेटरों को भी छत्तीसगढ़ आने का आमंत्रण दिया गया। शर्मा ने पर्यटन निवेश और उद्योग सहयोग को आमंत्रित करते कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक अधोसंरचना का अनोखा संगम प्रस्तुत करता है।

## पांच दिवसीय तकनीकी इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित

**जालबांधा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय जालबांधा में पांच दिवसीय तकनीकी इंटर्नशिप कार्यक्रम राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भुनेश्वर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें संस्था के अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भविष्य की उन्नत तकनीक से परिचित कराना तथा उनके भीतर वैज्ञानिक दृष्टिकोण व तकनीकी सोच का विकास करना है। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से रक्षित सिसोदिया एवं योगाराज वर्मा उपस्थित थे। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को ड्रोन टेक्नोलॉजी व एरोप्लेन किस सिद्धांत पर कार्य करता है इस विषय को बच्चों के समक्ष सरलतम रूप से प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण में प्रभारी प्राचार्य केडी वर्मा, सुरेखा साहू एवं संस्था के सभी स्टाफ उपस्थित थे।




## छात्रों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल में एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्कूल के नव-नियुक्त विद्यार्थियों को उनके दायित्वों की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग, टीम भावना, निष्ठा और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाना है। इस दौरान विद्यार्थियों को पद और गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। जिससे उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति जवाबदेह होने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने प्रेरित किया जा सके। समारोह में स्कूल की अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बोर्ड मेंबर्स सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, इला सिंह, बरसर आईके वैष्णव, सीबीएसई प्राचार्य एकता खंडेलवाल, ममता मिश्रा, सरिता सिंह, अपर्णा वर्मा सहित शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अपना आशीर्वाद दिया।

### दी बधाई

मुख्य अतिथि अतुल विश्वकर्मा ने तीनों बोर्डों सीबीएसई, आईसीएसई और सीजी बोर्ड के हेड बॉय और हेड गर्ल को शपथ दिलाई। इनमें सीबीएसई बोर्ड के राजहर्ष बाफना हेड बॉय और शैली अग्रहरि हेड गर्ल, आईसीएसई बोर्ड के शौर्यन प्रताप सिंह हेड बॉय और वैभवी खंडेलवाल हेड गर्ल तथा सीजी बोर्ड के महेश्वर चंद्रवंशी हेड बॉय और अंतरा गोसाईं हेड गर्ल शामिल थे। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न हाउस कैप्टन्स को भी शपथ दिलाई। जिसमें आजाद हाउस में अल्तमस कुरैशी और कनिष्ठ भराडे, भगत हाउस में गर्व सवाना और वोनिसा साहू, जवाहर हाउस में आरिफ कुरैशी और प्रार्थना साहू एवं सुभाष हाउस में तरूण चौबे और सिद्धि ठाकुर शामिल हैं। इस अवसर पर आयुक्त ने कटक में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-II बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्कूल की टीम को बधाई दी। उन्होंने स्कूल परिवार को शहर का एनईपी मॉडल लीडर स्कूल बनने पर भी शुभकामनाएं दी।

## महिला सफाई कर्मियों व स्वच्छता दीदीयों को साड़ी वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा सफाई कर्मियों एवं स्वच्छता दीदीयों को समय-समय पर वर्दी, साड़ी, रैनकोट के अलावा अन्य सुरक्षागत सामग्री का वितरण किया जाता है। इसी कड़ी में आज तीजा त्यौहार के पूर्व महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों व पार्षदों की उपस्थिति में नगर निगम के महिला सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता दीदीयो को साड़ी का वितरण किया।



महापौर श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार तीजा के पूर्व आज महिला सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता दीदीयों को साड़ी का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे सफाई कर्मी नगर निगम की प्रमुख कड़ी है। इनके कारण ही हमारा शहर स्वच्छ एवं साफ रहता है और हम स्वच्छ वातारण में निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि आप लोगों की मेहनत से ही इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में गत वर्ष प्राप्त 79 से 65 छलांग मार इस वर्ष 14वां स्थान प्राप्त किया। आप इसी प्रकार मेहनत करें। जिससे आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 10 में स्थान मिल सके। उन्होंने महिला सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता दीदीयों को तीज पर्व की बधाई दी। आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि सफाई मित्रो एवं स्वच्छता दीदीयों के सफाई कार्य को देखते इनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर इन्हें साड़ी, वर्दी, रैनकोट, बूट तथा अन्य सुरक्षा सामग्री का वितरण नगर निगम द्वारा समय-समय पर किया जाता है, ताकि ये अपने दायित्वों का बिना कोई परेशानी के कुशलतापूर्वक निर्वहन कर सके। अध्यक्ष वर्मा तथा नेता प्रतिपक्ष पिल्ले ने भी साड़ी वितरण अवसर पर कहा कि सफाईकर्मी अपने दायित्वों का अच्छे से निर्वहन कर शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने और अच्छे से अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने तीजा पर्व की महिला कर्मियों को बधाई दी। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी सहित महिला सफाई कर्मी व स्वच्छता दीदी उपस्थित थी।

## रेलवे सैलरी पैकेज पर सेमिनार आयोजित

**राजनांदगांव।** रेलवे इंस्टिट्यूट डोंगरगढ़ में कार्मिक विभाग नागपुर एवं भारतीय स्टेट बैंक डोंगरगढ़ के तत्वावधान में रेलवे सैलरी पैकेज विषय पर एक वृहद सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में भिलाई स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर शरद बैस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया डोंगरगढ़ के शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंह तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रीजनल ऑफिस भिलाई से केशव आनंद शामिल हुए।



सेमिनार में डोंगरगढ़ के सभी विभाग यथा इंजीनियरिंग ऑपरेटिंग कमर्शियल एस एंड टी इलेक्ट्रिक जनरल ओएचई आरआरडी मेडिकल विभागों के सभी प्रभारी एवं कर्मचारी जो लगभग 100 की संख्या में थे, शामिल हुए। स्टेट बैंक के प्रतिनिधियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी कर्मचारियों को रेलवे सैलरी पैकेज के बारे में मेडिकल तथा अन्य पारिवारिक सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। सेमिनार को रेलवे सुरक्षा बल डोंगरगढ़ के इंस्पेक्टर प्रशांत अडलक तथा कर्मचारी कांग्रेस के सचिव अनिल पोद्दार ने भी संबोधित किया। सेमिनार में विशेष बातें रही कि बड़ी संख्या ने महिला कर्मचारियों ने भी भाग लिया और अपनी समस्या का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र कुमार साखरे मुख्य कल्याण निरीक्षक डोंगरगढ़ ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने रेलवे इंस्टिट्यूट के सचिव एस. वेंकट स्वामी तथा कार्यालय अधीक्षक बीएच वेंकट सत्यनारायण का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 3 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 3 सितम्बर दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### बरसते पानी में बड़ी संख्या में पहुंचे शहरी सहित ग्रामीण

# मेयर को बधाई देने उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव का जन्मदिन 23 अगस्त को राजनांदगांव शहर सहित पूरे जिले में काफी जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया। राजनांदगांव शहर के साथ ही जिले के डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुरिया विकासखंड में भी महापौर को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वाले बैनर-पोस्टर से पटा नजर आया।



पूर्व सांसद की लोकप्रियता के चलते उनके समर्थक एवं प्रशंसकों ने 22 अगस्त की सुबह से ही उनके घर पहुंचकर अपने लोकप्रिय जननायक को एक दिन पहले जन्मदिन की अग्रिम शुभकामनाएं देना एवं केक काटना प्रारंभ कर दिया था, जो सिलसिला 22 के बाद 23 अगस्त की देर शाम यह समाचार लिखे जाने तक चलता रहा। जिसमें महापौर को बधाई देने राजनांदगांव जिला के अलावा दुर्ग, रायपुर, कबीरधाम, केसीजी, एमएमसी, बिलासपुर, बालोद, बेमेतरा, आदि विभिन्न शहरों से आगंतुक पहुंचते रहे और जनमदिन का जश्न मनाते रहे। जिसके चलते संस्कारधानी नगरी में दिनभर मधु महोत्सव की धूम मची रही।

23 अगस्त की प्रातःकाल से ही शहर की जनता सहित विभिन्न समाज एवं संस्था के प्रतिनिधि मंडल, महापौर के समर्थक, परिजन, इष्टमित्रों उनके निवास पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देते रहे। अपने जन्मदिन के अवसर पर भाजपा नेता मधुसूदन ने सर्वप्रथम मोतीपुर शीतलापारा मंदिर में माता आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात आजाद चौक मोतीपुर स्थित शासकीय भवन में जिला आयुष विभाग राजनांदगांव द्वारा आयोजित एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया और मोतीपुर, रामनगर, नवागांव क्षेत्र की जनता को इस तरह के आयोजनों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की।

इस अवसर पर महापौर ने पौधारोपण भी किया। इसके पश्चात महापौर मधुसूदन ने बजरंगपुर नवागांव स्थित बापूटोला वार्ड नं. 01 में सपरिवार महाकाली मंदिर में पूजा अर्चना की। पश्चात सोनारपारा, दिग्विजय कॉलेज रोड स्थित माता देवाला मंदिर पहुंचकर सहपरिवार नगर की ग्राम देवी शीतला माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में महापौर ने स्थानीय वृद्धाश्रम में जाकर वृद्धजनों के साथ जन्मदिन मनाया। वहीं दूसरी ओर अभिलाषा संस्थान में पहुंचकर दिव्यांगजनों के साथ भी जन्मदिन की खुशियां बांटी। अपने जन्मदिन पर प्रशंसकों एवं समर्थकों से मिलने के लिए महापौर ने अपने सिविल लाइन स्थित कार्यालय में दोपहर 1 बजे से देर शाम तक उपस्थित रहकर 5 घंटों से भी अधिक समय तक लगातार जनता की शुभकामनाएं, स्नेह एवं आशीर्वाद स्वीकारते रहे। उन्होंने कार्यालय में छात्र युवा मंच द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।



## खबर संक्षेप



### नगर के विभिन्न स्थलों में पौधारोपण जारी

**बेमेतरा।** शहर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। इसमें नगर के विभिन्न स्थलों में पौधारोपण किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा खुद इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं और नगर वासियों से अपील कर रहे हैं कि वे भी इस अभियान में शामिल हों और अपने आसपास को साफ-सुथरा रखें। इसी तरह नगर के डिवाइडर में पेड़ लगाए जा रहे हैं और उनकी देखभाल की जा रही है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा और उनकी टीम स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रही है, जिसमें गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डिब्बों में डालने की अपील की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देना है, जिसमें नागरिकों की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। श्री सिंहा ने नगर वासियों से अपील की है कि वे एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं और अपने आसपास को साफ-सुथरा रखें।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा स्वयं पौधारोपण कर रहे हैं और नगर वासियों से अपील कर रहे हैं। सभापति नीतू कोठारी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। पार्षद राजकुमार खंडे, नगर पालिका मुख्य अधिकारी कोमल सिंह के साथ मिलकर इस अभियान में योगदान दे रहे हैं। वहीं सफाई दारोगा रिंकु डागुर स्वच्छता के प्रति अपना पूरा समय दे रहे हैं।

### नेशनल स्पेस डे में भेंडरवानी स्कूल में विविध कार्यक्रम का आयोजन हुआ




**बेमेतरा।** साजा विकासखण्ड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय भेंडरवानी में नेशनल स्पेस डे (राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस) हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए चित्रकला, स्लोगन लेखन तथा अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यार्थियों ने अपने चित्रों और नारों के माध्यम से अंतरिक्ष विज्ञान एवं अंतरिक्ष यात्राओं से संबंधित कल्पनाओं और जानकारियों को प्रस्तुत किया। प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा तथा सहायक शिक्षक सनत कुमार साहू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिक्षकों ने बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान के महत्व, भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि, रचनात्मकता तथा नवाचार की भावना विकसित करना रहा। विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

### श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 421वें प्रथम प्रकाश पर्व का आयोजन किया गया

**बेमेतरा।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 421 वें प्रथम प्रकाश पर्व का आयोजन आज मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के बेमेतरा जिला अध्यक्ष स. हरदीप सिंह राजा छाबड़ा ने बताया कि गुरु ग्रंथ साहिब में गुरबाणी के माध्यम से जीवन के मानवीय और नैतिक मूल्यों को दिशा देने वाले सूत्र निहित हैं। गुरु ग्रंथ साहिब केवल सिक्खों का धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि इसका संदेश संपूर्ण मानवता को संबोधित है। उन्होंने ने बताया कि गुरबाणी में नाम सिमरन और एक ईश्वर में विश्वास पर बल दिया गया है। कर्मकांड का त्याग करते हुए गुरुओं ने ईश्वर को सृष्टि का निर्माता, पालनहार और उद्धारकर्ता बताया, सिक्ख पंथ में श्रम केवल सांसारिक कार्य नहीं बल्कि धार्मिक कार्य है। गुरुओं ने स्वयं शारीरिक श्रम को प्राथमिकता दी और सेवा को उच्चतम नैतिक मूल्य के रूप में स्थापित किया।

**पर्व : बेरला के भरचट्टी स्कूल में पोला त्योहार का धूमधाम से आयोजन**

# भरचट्टी स्कूल में बच्चों ने मनाया पोला पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखंड बेरला के शासकीय पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला भरचट्टी में पोला त्यौहार बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने मिट्टी के बने सुंदर खिलौने, जैसे बैल, गणेश और महादेव बनाकर लाए, जिनकी पूजा की गई और प्रसाद बांटा गया। स्कूल में बच्चों के लिए कई पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें मटका फोड़, फुगड़ी, कबड्डी, खो-खो और रस्साकशी शामिल थे। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार भी दिए गए। प्रधान पाठक सत्रुहन लाल ठाकुर ने पोला के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह त्यौहार कृषि में बैलों के योगदान के प्रति आभार व्यक्त करने का पर्व है। उन्होंने बताया कि यह त्यौहार हमें अपनी पारंपरिक संस्कृति, प्रकृति और पशुधन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का संदेश देता है, खासकर ऐसे समय में जब आधुनिकता के कारण बैलों का उपयोग कम हो गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आशीष पांडे, हिरकणी साहू, नीतू परगनिया, शिव कुमार मुक्ति, तरुण साहू, कल्पना मरकाम और कमलेश्वरी सेन ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।






## सिंघौरी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया पोला पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंघौरी में छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध एंव पारंपरिक त्यौहार पोरा को स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा मिलकर बड़े धाम धाम से मनाया गया। बच्चों ने राधा,कृष्ण,गोपियां एंव ग्वाला बनकर भी अपनी प्रस्तुति दी तो कुछ बच्चे मिट्टी से शानदार बैल बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्राथमिक और मिडिल स्कूल के बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में मनमोहक प्रस्तुति दी। संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने इस त्यौहार के बारे में बताते हुए कहा कि पोरा तिहार छत्तीसगढ़ का एक पारंपरिक त्योहार है जो किसानों और उनके पशुधन, विशेष रूप से बैलों के सम्मान में मनाया जाता है, क्योंकि ये खेती के लिए महत्वपूर्ण साथी होते हैं। इस त्योहार में बैलों को सजाया जाता है, पूजा जाता है, और उनके लिए विशेष पकवान बनाए जाते हैं, जिससे उनकी मेहनत और योगदान को सराहा जाता है।नारद साहू ने कहा यह त्योहार बच्चों के बीच मिट्टी के बैल और घर-गृहस्थी के खिलौनों से खेलने और सामाजिक मेलजोल को बढ़ावा देने का एक अवसर भी है। वरिष्ट शिक्षिका सरस्वती साहू ने बताया कि पोला त्योहार मनाने के पीछे यह कहावत है कि अगस्त माह में खेती-किसानी का काम समाप्त होने के बाद इसी दिन अन्न माता गर्भ धारण करती है यानी धान के पौधों में इस दिन दूध भरता है, इसीलिए यह त्योहार मनाया जाता है। यह त्योहार भाद्रपद मास की अमावस्या को मनाया जाता है और विशेष रूप से किसानों द्वारा बैलों के प्रति श्रद्धा और आभार प्रकट करने के लिए समर्पित होता है। इस दौरान संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा सहित एसएमसी अध्यक्ष नारद साहू,धनीराम बंजारे, सरस्वती साहू, शशिकला यादव,देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल, किरण खरे, पूनम साहू उपस्थित रहे।

## बेरला में धूमधाम से मनाया गया पोरा तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

बेरला ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी में बच्चों ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहार तीजा पोरा को बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने मटका सजाओ, बैल दौड़, फैंसी ड्रेस, और दही हांडी मटकी फोड़ जैसी कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के परिणाम मटका दौड़ प्रतियोगिता में भूमिका साहू प्रथम, निधी साहू द्वितीय और नेहा साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में लिखेश्वरी साहू पहला, डिलेश्वरी साहू दूसरा और भूमिका साहू तीसरा स्थान जीता। बैल दौड़ प्रतियोगिता में अवधेश ने पहला और मुरली ने दूसरा स्थान हासिल किया। दही हांडी प्रतियोगिता इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को स्कूल परिवार की ओर से पुरस्कृत किया गया।



इस मौके पर संस्था प्रमुख मनीषा देवांगन ने बच्चों को तीजा पोरा त्यौहार के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार अच्छी फसल और घर की समृद्धि के लिए बैलों और जाता-पोरा की पूजा करके मनाया जाता है।

शिक्षक ओमनारायण साहू ने कहा कि पोरा त्यौहार हमें खेती-किसानी और पशुधन के महत्व को याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना है।

इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख मनीषा देवांगन के अलावा शिक्षक लोकेश साहू, ओमनारायण साहू, प्राथमिक प्रधान पाठक वीरेंद्र कुमार सिन्हा, राधेश्याम ईसदा, रामस्वरूप साहू, और नीलेश साहू भी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर बच्चों के इस उत्साह और उनकी भागीदारी की सराहना की।

## फरी स्कूल में मना पोला त्योहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला फरी में पोरा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें मटकी फोड़ और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य रहा। अधिकांश बच्चे राधा और कृष्ण की वेशभूषा में शाला आए। गीतांजलि और गरिमा यादव के द्वारा बहुत ही सुन्दर तीजा पोरा में उसके भाई द्वारा उसके ससुराल लेने आने पर नृत्य अभिनय किया गया। प्रधान पाठक बजरंग शर्मा के द्वारा पोला मनाए जाने के महत्व पर जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि यह त्योहार भाद्रपद मास की अमावस्या को मनाया जाता है। और विशेष रूप से किसानों द्वारा बैलों के प्रति श्रद्धा और आभार प्रकट करने के लिए समर्पित होता है। पोला मुख्य रूप से किसानों का त्योहार है, जो कृषि में बैलों की अहम भूमिका को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इसके पश्चात सभी बच्चों को इनाम का वितरण भी किया गया। आज के इस कार्यक्रम में स्मिता साहू, सुनीता वर्मा, रुखमणी साहू सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से बीएड छात्र अध्यापिका द्रोपदी ध्रुव और प्रगति यादव की भी बहुत सराहनीय भूमिका रही।

## सौहार्द्र एवं शांति पूर्ण माहौल में मनाया जायेगा गणेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी 27 अगस्त गणेश उत्सव पर्व के मद्देनजर प्रशासन ने जिला मुख्यालय के पंडालों के प्रमुख सदस्यों की बैठक ली। पुराना रेस्ट हाउस के मीटिंग हाल में आयोजित बैठक में एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, एसडीओपी मनोज तिर्की, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक मयंक मिश्रा, तहसीलदार अनिरूद्ध मिश्रा की मौजूदगी पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति समिति की एक संयुक्त बैठक हुई। इस बैठक में श्री गणेश उत्सव पर्व पर शांति और सद्भाव बनाए रखने सुनिश्चित करना था। इस दौरान प्रशासन ने कहा कि साम्प्रदायिक, असामाजिक एवं रूढ़ीवादी तत्वों पर सतत निगाह रखने समिति के सदस्यों और वालंटियर्स का थाना स्तर पर चरित्र सत्यापन होना जरुरी है। साथ ही आपराधिक रिकॉर्ड वाले लोगों को समिति से दूर रखने को कहा गया है। वहीं समिति के सभी

- श्री गणेश उत्सव को लेकर शांति समिति की संयुक्त बैठक हुई

सदस्यों के नाम, पता और मोबाइल नंबर की जानकारी पुलिस को देनी होगी, समिति का बैच लगाना, आईडी पहनना अनिवार्य होगा। पंडालों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रुप से लगें ओर पूरी रिकार्डिंग जहां होनी चाहिए, वहीं पुलिस थाना और पुलिस अधिकारियों के नंबर वाले फ्लैक्स लगाने होंगे। इसके अलावा प्रशासन ने कहा गणेश पडाल के चारों और पार्किंग स्थल पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था किए जाने एवं पंडाल के लिए बिजली विभाग से अस्थायी कनेक्शन के साथ साथ पंडाल में अच्छी गुणवत्ता की वायरिंग करवाएं, ताकि शार्ट सर्किट न हो, पंडाल में ज्यादा आवाज में गाना न बजाएं, पंडाल में ऐसे गाने न बजाएं, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हों, शाम को आरती के समय अपने वॉलंटियर लगाएं, जो भीड़ को व्यवस्थित करें, यातायात संभालें, किसी प्रकार का अपराध घटित न हो। यातायात बाधित न हो, इसकी जिम्मेदारी भी समिति की होगी, पंडाल में महिलाओं और बच्चों से संबंधित कोई अपराध या जुआ, शराब, नशा और सांप्रदायिक उपद्रव होता है तो उसकी पूरी जवाबदारी समिति की होगी।

## कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित

**मेधावी छात्राओं को सम्मान और योजनाओं की दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय कन्या महाविद्यालय, बेमेतरा में नए सत्र के लिए 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने की, और विशिष्ट अतिथि के तौर पर लक्की साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनीता गौतम ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर, महाविद्यालय में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**छात्राओं की मांगों को पूरा करने का आश्वासन-** विधायक दीपेश साहू ने अपने




संबोधन में छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जिले में शुरू की गई छात्र कल्याण योजनाओं, जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 'श्री राम एकेडमी' के माध्यम से निःशुल्क कोचिंग और 'विधायक छात्रवृत्ति कार्यक्रम' के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने महाविद्यालय के विकास के लिए छात्राओं की मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के अंत में, प्राचार्या डॉ. विनीता गौतम ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और श्रीफल भेंटकर आभार व्यक्त किया। सहायक प्राध्यापक डॉ. टीकेंद्र कुमार वर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर महाविद्यालय के अन्य सहायक प्राध्यापक और कर्मचारी भी मौजूद थे।

**संभाग आयुक्त राठौर एवं कलेक्टर ने नवागढ़ के खैरा में किया निरीक्षण**

# जिले में फसलों का डिजिटल रिकार्ड तैयार करने का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ सीजन में किसानों द्वारा बोई गई फसलों का डिजिटल रिकार्ड तैयार करने का कार्य जिले में प्रारंभ हो चुका है। इस प्रक्रिया को पारदर्शी एवं त्रुटिहीन बनाने के उद्देश्य से राजस्व अधिकारियों और पटवारियों को विशेष व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।इसी क्रम में आयुक्त दुर्ग संभाग सत्यनारायण राठौर तथा कलेक्टर रणबीर शर्मा के साथ ब्लॉक नवागढ़ के तहसील नांदघाट के ग्राम खैरा में पहुंचकर डिजिटल क्रॉप सर्वे का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने खेतों में खड़ी फसल की जानकारी मोबाइल एप पर दर्ज करने की पूरी प्रक्रिया देखी और पटवारियों व सर्वेयर युवाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर शर्मा ने स्पष्ट किया कि सर्वे के दौरान किसानों के खेत का प्रकार,



रकबा, सिंचाई की स्थिति, भू-आकृति और आस-पास की सुविधाएँ जैसे कुआँ, नहर या सड़क आदि सही-सही दर्ज होना चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही सर्वे की सटीकता पर असर डालेगी। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल सर्वे से किसानों के लिए एक पारदर्शी और वास्तविक डाटाबेस तैयार होगा, जिससे उन्हें समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, बीमा दावा, आपदा राहत और कृषि योजनाओं का लाभ सीधा मिल सकेगा। आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने कहा कि यह कार्य प्रदेश की कृषि व्यवस्था के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों और सर्वेयर युवाओं को निर्देश दिया कि यदि किसी भी स्तर पर तकनीकी कठिनाई आती है तो उसे तुरंत उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएं ताकि समय पर समाधान किया जा सके। निरीक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि सर्वे की पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर पढ़े-लिखे युवाओं को प्रशिक्षित कर सर्वेयर नियुक्त किया गया है। मोबाइल एप के माध्यम से ये युवा फसलों का डाटा दर्ज करेंगे, जिससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और कार्य तेजी से पूरा होगा। इस मौके पर आयुक्त व कलेक्टर ने किसानों से संवाद कर उनकी फसल की स्थिति और मौसम संबंधी चुनौतियों की जानकारी ली। अधिकारियों ने किसानों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सही जानकारी उपलब्ध कराने से आने वाले वर्षों के लिए एक विश्वसनीय आधारभूत डाटा तैयार होगा। निरीक्षण अवसर पर एसडीएम, संबंधित पटवारी, राजस्व निरीक्षक, विभागीय अधिकारी एवं नियुक्त सर्वेयर युवा उपस्थित थे ।

